आनंदालय
सामयिक परीक्षा-3
कक्षा : आठवीं

विद्या सवार्थ साधिका

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 30
दिनांक: 07-01-2023 | निर्धारित समय: 1:30 घंटे

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - 'अ' और 'ब',
2. खंड 'अ' में कुल दो वस्तु परक प्रश्न पूछे गए हैं | सभी प्रश्नों में उप प्रश्न दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
3. खंड 'ब' में कुल 3 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
4. बहुविकल्पीय उप प्रश्न संख्या के साथ लिखित उत्तर भी लिखना अनिवार्य है |
5. प्रश्न पत्र में 3 पृष्ठ हैं |

खंड- 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

जिंदगी के असली मज़े उनके लिए नहीं हैं, जो फूलों की छाँह के नीचे खेलते और सोते हैं, बल्कि फूलों की छाँह के नीचे अगर जीवन का कोई स्वाद छिपा है, तो वह भी उन्हीं के लिए है, जो दूर रेगिस्तान से तपती धूप में चलकर आ रहे हैं, जिनका कण्ठ सूखा हुआ, ओंठ फटे हुए और सारा बदन पसीने से तर है। पानी में जो अमृत वाला तत्त्व है, उसे वह जानता है जो धूप में सूख चुका है, वह नहीं जो रेगिस्तान में कभी गया ही नहीं है।

सुख देने वाली चीजें पहले भी थी और अब भी हैं, फर्क यह है कि जो सुखों का मूल्य पहले चुकाते हैं, और उनके मज़े बाद में लेते हैं, उन्हें स्वाद अधिक मिलता है। जिन्हें आराम आसानी से मिल जाता है, उनके लिए आराम ही मौत है। बड़ी चीजें बड़े संकटों में विकास पाती हैं। अकबर ने 13 साल की उम्र में अपने पिता के दुश्मन को परास्त कर दिया था, जिसका एक मात्र कारण यह था कि अकबर का जन्म रेगिस्तान में हुआ था और वह भी उस समय जब उसके पिता के पास एक कस्तूरी को छोड़कर और कोई दौलत नहीं थी। महाभारत में देश के अधिकांश वीर कौरवों के पक्ष में थे। मगर फिर भी जीत पाण्डवों की हुई, क्योंकि उन्होंने लाक्षागृह की मुसीबत झेली थी, क्योंकि उन्होंने वनवास के जोखिम को पार किया था।

(i) पानी की मिठास को कौन समझ सकता है ?

(क) जो खारा पानी पीता हो (ख) जो रेगिस्तान से चलकर आया हो
(ग) जो पानी का मितव्यय करता हो (घ) जो पानी का विक्रेता है

(ii) महाभारत में कौरवों की हार का कारण था-

(क) लाक्षागृह की मुसीबत झेलना (ख) अधिकांश वीरों का पक्ष में होना

(ग) अत्यधिक आराम और सुख में जीना (घ) षड्यंत्र करना

(iii) अकबर और पाण्डवों ने जीत हासिल की थी -

(क) अकर्मण्यता से (ख) साहस से (ग) आलस्य से (घ) आराम से

(iv) जिंदगी में सफ़लता का सुख और विकास किन्हें प्राप्त होता है ?

(क) जो फूलों की छाँह में खेलते हैं |

(ख) जो आराम की नींद सोते हैं |

(ग) जिनको सुखदायक चीजें उपलब्ध हैं |

(घ) जो जोखिमों को साहस से पार करते हैं |

(v) गद्यांश में से 'छाँह' का विलोम होगा -

(क) तपना (ख) शीतल (ग) धूप (घ) उजाला

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x10=10)

(i) 'दुर्गंध' - शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है-

(क) दूर (ख) दुर् (ग) दुर्ग (घ) दु

(ii) 'रंगीन' - शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-

(क) गीन (ख) रंग (ग) ईन (घ) न

(iii) 'सुरभित सुंदर सुखद सुमन तुझ पर खिलते हैं|'- वाक्य में अलंकार का भेद है -

(क) अनुप्रास अलंकार (ख) यमक अलंकार

(ग) पुनरुक्ति अलंकार (घ) श्लेष अलंकार

(iv) 'माता जी शाम तक आएँगी ।' वाक्य में रेखांकित शब्द क्रिया-विशेषण का भेद है -

(क) रीतिवाचक क्रियाविशेषण (ख) स्थानवाचक क्रियाविशेषण

(ग) कालवाचक क्रियाविशेषण (घ) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण

(v) सरदार पटेल की भव्य मूर्ति देख मैं हैरान रह गया- रेखांकित के लिए उचित मुहावरा है-

(क) पीठ ठोकना (ख) अधमरा होना

(ग) ठगा सा रह जाना (घ) माथा ठनकना

(vi) 'वह कमरे में पढ़ रहा है |' - वाक्य में कारक है -

(क) कर्म कारक (ख) अपादान कारक (ग) करण कारक (घ) अधिकरण कारक

(vii) 'हरि-हलधर' में समास का भेद है -

(क) द्वंद्व (ख) द्विगु (ग) कर्मधारय (घ) तत्पुरुष

(viii) 'महाभारत' में समास का भेद है -

(क) तत्पुरुष (ख) द्विगु (ग) कर्मधारय (घ) द्वंद्व

(ix) 'रामावतार' में कौन-सी संधि है ?

(क) वृद्धि (ख) गुण (ग) दीर्घ (घ) यण

(x) 'अखिलेश' का संधि विच्छेद है -

(क) अखि+लेश (ख) अ+खिलेश (ग) अखिले+ईश (घ) अखिल+ईश

खंड- 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में दीजिए - (2x3=6)

(i) पुडूकोट्टई की महिलाएँ किन जंजीरों को तोड़कर स्वतंत्रता हासिल करती हैं? और कैसे ?

(ii) यदि पंडित बिलवासी मिश्र के स्थान पर आप होते तो अपने मित्र की मदद किस प्रकार करते ?

(iii) गोपियाँ यशोदा से क्या शिकायत करती है ? उनकी इस उलाहना में कौन-सा भाव छिपा है ?

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में लिखिए- (4x1=4)

'सुदामा चरित्त' पद के आधार पर सुदामा और कृष्ण की मित्रता पर टिप्पणी लिखिए |

5. अपने विद्यालय में होने वाले नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से संबंधित 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए | (5x1=5)

अथवा

कोई कंपनी 'लेखनी' नाम का नया पेन बाज़ार में लाना चाहती है | उसके लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए |